झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

5 Sep 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 5 सितंबर का इतिहास

- **2008 :** रतन टाटा के नेतृत्व में सोसायटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भंट की।
- **1888 :** भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ
- **2011 :** भारतीय बैंक संघ और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा तैयार एटीएम के जरिए चेक निर्गम करने की तकनीकी प्रणाली को अंतिम रूप दिया गया।
- **1997 :** विश्व प्रसिद्ध समाज सेविका मदर टेरेसा का निधन हुआ।

## 5 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- एक्सिस बैंक ने डिजिटल को अच्छे से समझने वाले ग्राहकों के लिए नया सेविंग अकाउंट वेरिएंट इन्फिनिटी सेविंग्स अकाउंट लॉन्च करने की घोषणा की है। यह सेविंग अकाउंट सब्सक्रिप्शन मॉडल पर बेस्ड है। यानी कि इसके लिए बैंक आप से मंथली और ईयरली बेसिस पर कुछ रूपये चार्ज करेगा। इसके बदले आपको ढेर सारी फैसिलिटी का लाभ मिलेगा।
- भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी.रमना को सिंगापुर इंटरनेशनल मीडिएशन सेंटर के इंटरनेशनल मीडिएटर पैनल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया हैं। एसआईएमसी के चेयरमैन जॉर्ज लिम ने सिंगापुर में न्यायाधीश रमना को नियुक्ति पत्र प्रस्तुत किया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सिंगापुर के मंत्रिमंडल द्वारा आयोजित सिंगापुर कन्वेंशन वीक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में है, जो कि सिंगापुर के मंत्रालय ऑफ लॉ, संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग और 20 से अधिक साथी संगठनों द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन है।
- वित वर्ष 2023-2024 की पहली तिमाही में महाराष्ट्र प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में अग्रणी बनकर उभरा हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने घोषणा की कि राज्य ने 36,634 करोड़ रूपये की एफडीआई आकर्षित करके शीर्ष स्थान हासिल किया हैं। यह उल्लेखनीय उपलब्धि महाराष्ट्र को दिल्ली, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे अन्य प्रमुख राज्यों से आगे रखती है, जिनके संचयी एफडीआई मूल्य पीछे हैं।
- मुंबई में बुलाई गई एक बैठक में वित उद्योग विकास परिषद की प्रबंध समिति ने श्री उमेश रेवांकर जो वर्तमान में श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं, को एफआईडीसी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया हैं। यह निर्णय रेवनकर की वितीय सेवाओं के क्षेत्र में विशाल अनुभव और गहरे विशेषज्ञता की मान्यता में किया गया है।
- वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अगले पांच सालों के लिए 5963 करोड़ रूपये में बीसीसीआई के टीवी और डिजिटल मीडिया अधिकार हासिल कर लिए हैं। ये राइट्स उन्होंने अगले पांच सालों के लिए खरीदे हैं।
- सरकार ने जया वर्मा सिन्हो को रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, यह विभाग के लिए शीर्ष निर्णय लेने वाली संगठन की प्रमुख हैं। उन्होंने बलासोर हादसे के बाद की दुखद परिस्थितियों को संभालने में मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसमें 291 लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक रहेगा।
- वर्तमान में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत गीतिका श्रीवास्तव इस्लामाबाद, पाकिस्तान में अपने उच्चायोग में भारत की नई प्रभारी होगी। वह सुरेश कुमार का स्थान लेगी, जिनके नई दिल्ली लौटाने की संभावना हैं। आजादी के 77 साल बाद भारत ने पाकिस्तान में मिशन की एक महिला प्रमुख की नियुक्ति की हैं। इस्लामाबाद में नए सीडीए के रूप में गीतिका श्रीवास्तव की नियुक्ति भारत सरकार के एक प्रगतिशील कदम का प्रतीक है।
- आकाशवाणी ने नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में नो इंडिया प्रोग्राम केआईपी से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया। भारतीय मूल के लगभग 55 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की। भारतीय डायसपोरा से संपर्क साधने के लिए नो इंडिया प्रोग्राम केआईपी विदेश मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रगति और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता को बढ़ावा देना है।
- भारत को अपने चंद्रयान 3 मिशन के तहत एक और बड़ी सफलता मिली हैं। चंद्रयान 3 के रोवर प्रज्ञान पर लगे पेलोड के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में सल्फर, ऑक्सीजन और अन्य तत्वों की मौजूदगी की पुष्टि हुई हैं। इस बात की जानकारी खुद इसरो की और से दी गई है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक बार फिर ब्रह्मांड पर अपना ध्यान केंद्रित किया हैं, इस बार महत्वाकांक्षी आदित्य एल1 मिशन के साथ, जिसका उद्देश्य सूर्य का अध्ययन करना हैं। भारत चांद मिशन चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो अपना सौर मिशन आदित्य एल1 लॉन्च किया। इस मिशन के जरिए सूर्य से जुड़े रहस्यों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 4 सितंबर (B) 5 सितंबर

(C) 7 सितंबर (D) 8 सितंबर

**(B)** भारत में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं। शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में भी मनाया जाता हैं। स्कूलों और कॉलेजों में इस दिन तरह तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। शिक्षक युवा मस्तिष्कों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा होते हैं।




**2. अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 सितंबर (B) 6 सितंबर

(C) 7 सितंबर (D) 8 सितंबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस 5 सितंबर को प्रतिवर्ष मनाया जाता हैं। इसे 2012 में संयुक्त राष्ट्र ने कलकता में हुए मदर टेरेसा के निधन की वर्षगांठ को चिन्हित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस के रूप में घोषित किया था। 5 सितंबर को मदर टेरेसा की पुण्यतिथि मनाने के लिए चुना गया था, जो हमेशा धर्मार्थ कार्यो में लगी रही।



International Day of Charity

**3. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय जनमत संग्रह कब आयोजित होगा ?**

(A) 10 सितंबर (B) 2 अक्टूबर

(C) 14 अक्टूबर (D) 5 नवंबर

**(C)** ऑस्ट्रेलिया अक्टूबर में एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय जनमत संग्रह करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जनमत संग्रह का मुख्य उद्देश्य ऑस्ट्रेलिय के मूल निवासियों को उसके संविधान में मान्यता देना हैं। लगभग 17 मिलियन मतदाता यह तय करने के लिए मतदान करेंगे कि संविधान में संशोधन किया जाए या नहीं। यदि जनमत संग्रह पारित हो जाता है तो यह देश के संविधान में एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोग को मान्यता देगा।



**4. हाल ही में आरबीआई ने किस बैंक को नागरिक पेंशन वितरण के लिए अधिकृत किया है ?**

(A) यस बैंक (B) बंधन बैंक

(C) एक्सिस बैंक (D) एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक

**(B)** बंधन बैंक ने कहा कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नागरिक पेंशनभोगियों के लिए केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय की और से अधिकृत पेंशन वितरण बैंक के रूप में नियुक्त किया गया हैं। बैंक जल्द ही अदायगी प्रक्रिया को संचालित करने के लिए वित मंत्रालय के सीपीएओ कार्यालय के साथ काम करेगा।




**5. हाल ही में स्वराज ट्रैक्टर्स के ब्रांड एंबेसडर कौन बने है ?**

(A) महिंद्र सिंह धोनी (B) सचिन तेंदुलकर

(C) विराट कोहली (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने महेंद्र सिंह धोनी का स्वराज टैक्ट्रर्स के ब्रांड एंबेसडर बनने पर स्वागत किया। महेंद्र सिंह धोनी ने कई बार अपने किसानी में रूचि जाहिर की है। और अब वह स्वराज टैक्ट्रर्स के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। धोनी का रांची से दुनिया के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेटरों में से एक बनना दिग्गजों का एक सम्मान है।



**6. हाल ही में किस राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए गुलाबी शौचालय स्थापित करने की घोषणा की है ?**

(A) कर्नाटक (B) त्रिपुरा
(C) पंजाब (D) महाराष्ट्र

**(B)** त्रिपुरा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए गुलाबी शौचालय स्थापित करने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। यह कहते हुए कि भाजपा आईपीएफटी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और आराम को प्राथमिकता दे रही है, उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की संख्या 2018 में 4,000 से बढ़कर 2022 में 50,000 हो गई है।




**7. हाल ही में किस देश की डेनियल मैकगाहे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली पहली ट्रांसजेंडर बनी है ?**

(A) कनाडा (B) इंग्लैंड
(C) तेलंगाना (D) न्यूजीलैंड

**(A)** डेनियल मैकगाहे इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली पहली ट्रांसजेंडर क्रिकेटर बन जाएंगी। जब वह बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप के क्वालीफायर के लिए उतरेगी। 29 साल की डैनियल मैकगाहे को अगले महीने होने वाले क्वालीफायर के लिये कनाडा की महिला टीम में चुना गया है। वह पुरूष से महिला ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के लिए आईसीसी की पात्रता के मानदंडों पर खरी उतरी है।




**8. हाल ही में लघु सिंचाई योजनाओं में कौन शीर्ष पर रहा है ?**

(A) कर्नाटक (B) मध्यप्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) महाराष्ट्र

**(C)** देश में सबसे अधिक लघु सिंचाई योजनाएं उत्तर प्रदेश में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना है। सतही जल योजनाओं में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा ओर झारखंड की हिस्सेदारी सबसे अधिक हैं। भूजल योजनाओं में खोदे गए कुंए, कम गहरे टयूबेल, मध्यम टयूबेल और गहरे टयूबेल शामिल हैं।




**9. हाल ही में चर्चित व्योममित्र शब्द किससे संबंधित है ?**

(A) इलेक्ट्रिक कार (B) हयूमनॉयड
(C) ड्रोन (D) फूल की प्रजाति

**(B)** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो स्पेस में महिला रोबोट भेजने की तैयारी कर रहा हैं। इसरो का लक्ष्य गगनयान मिशन से पहले व्योममित्र नामक महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजना हैं। व्योममित्र एक हयूमनॉइड है, जिसे अंतरिक्ष में मानव संबंधी कुछ कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है।



**10. हाल ही में चर्चित कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है ?**

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश
(C) हरियाणा (D) महाराष्ट्र

**(A)** हाल ही में भारत के शीर्ष बाघ संरक्षण निकाय राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने राजस्थान में दो और टाइगर रिजर्व घोषित किया हैं। दरअसल राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को बाघ रिजर्व के रूप में सैद्धांतिक मंजूरी देने के अलावा धौलपुर, करौली टाइगर रिजर्व को भी अंतिम मंजूरी दे दी।

